**दिनांक–17.08.2026 को अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में बाढ़ प्रक्षेत्र के विभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

बाढ़ प्रक्षेत्र के विभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया:–

(i) सभी संबंधित मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(ii) ई० विवेक गौरव, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना।
(iii) सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(iv) ई० अनुराग शर्मा, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–15, पटना।
(v) ई० अभिनव आनन्द, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–16, पटना।
(vi) ई० चन्दन कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–17, पटना।
(vii) ई० मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–18, पटना।
(viii) सभी बाढ़ प्रक्षेत्र से संबंधित कार्यपालक अभियंता (VC के माध्यम से)

**<u>बैठक के दौरान की गयी समीक्षा एवं दिये गये निदेश निम्नवत् हैः–</u>**

**1. <u>खगड़िया शहर सुरक्षा फेज–II के तहत चनहा नाला के दायें किनारे के कि0मी0 10.40 से कि0मी0 38.20 तक तटबंध निर्माण कार्य (BR-19)</u>:–**

- समीक्षा के क्रम में विभागीय पत्रांक–1802 दिनांक–24.04.2026 एवं विभागीय पत्रांक–2835 दिनांक–10.07.2026 द्वारा मांगे गये प्रतिवेदन यथा Scheme Closure Report, Intended Benefit, Final audit Certificate, Project Completion Certificate, Utilisation certificate, Latest status of land acquisition, Physical and Financial progress (FMP-2 & FMP-3 forms) आदि अभिलेखों को विहित प्रपत्र में तीन दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, समस्तीपुर को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर)**

**2. <u>पूर्वी एवं पश्चिमी कोशी तटबंध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (BR-31)</u>:–**

- समीक्षा के क्रम में विभागीय पत्रांक–1802 दिनांक–24.04.2026 एवं विभागीय पत्रांक–2835 दिनांक–10.07.2026 द्वारा मांगे गये प्रतिवेदन यथा Scheme Closure Report, Intended Benefit, Final audit Certificate, Project Completion Certificate, Utilisation certificate, Physical and Financial progress (FMP-2 & FMP-3 forms) आदि विहित प्रपत्र में दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, वीरपुर को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर)**

**3. अधवारा एवं खिरोई नदियों के बायें तटबंध के क्रमशः कि०मी० 0.00 से कि०मी० 43.60 एवं कि०मी० 44.00 से कि०मी० 90.50 तथा दायें तटबंध के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 81.50 <u>तक के बीच उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा संरचना निर्माण/मरम्मति कार्य (BR-49)</u> :–**

- समीक्षा के क्रम में यह बताया गया कि योजना से संबंधित Scheme Closure Report, certificate towards actual audited expenditure, Utilisation certificate, Physical and Financial progress (FMP-2 & FMP-3 forms), report regarding Intended Benefits derived from the project गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना को विभागीय पत्रांक–2775 दिनांक–07.07.2026 समर्पित किया जा चुका है।
- इस संबंध में दिनांक–10.08.2026 को पुनः गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना द्वारा कतिपय पृच्छा/अभिलेखों की माँग की गई है, जिसका अनुपालन तीन दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर/समस्तीपुर को निदेशित किया गया।

- मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया की इस योजना का Third Party Evaluation/ Performance Evaluation studies वाल्मी, पटना द्वारा किया जाना है, इसी क्रम में उनके द्वारा कतिपय अभिलेखों की मांग की गयी है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर/समस्तीपुर व्यक्तिगत अभिरूची लेते हुए, वांछित अभिलेख वाल्मी, पटना को तीन दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालनः—मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/समस्तीपुर)**

**4. <u>चंदन बाढ़ प्रबंधन योजना (BR-50)</u>:—**

- समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि विभागीय पत्रांक—534 दिनांक—10.02.2026, विभागीय पत्रांक—2454 दिनांक—16.06.2026 एवं विभागीय पत्रांक—2835 दिनांक—10.07.2026 द्वारा मुख्य अभियंता, कटिहार को कार्य के संबंध में कतिपय अभिलेख एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, जिसका अनुपालन अबतक नहीं किये जाने की स्थिति में मुख्य अभियंता, कटिहार द्वारा बताया गया कि 4 से 5 दिनों के अन्दर वांछित अभिलेख एवं प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर/बौंसी को संबंधित जिला भू—अर्जन कार्यालय/निबंधन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर Land Acquisition से संबंधित वांछित दर प्राप्त कर, संशोधित DPR 04 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार/ कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर/बौंसी )**

18/08/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख (बाढ़)

ज्ञापांक—बाढ़(मो०)सिं०—40/96 (अंश—XXIII) 3281 /पटना, दिनांक—18-08-026

प्रतिलिपिः—सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

18/08/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख (बाढ़)

ज्ञापांक—बाढ़(मो०)सिं०—40/96 (अंश—XXIII) 3281 /पटना, दिनांक—18-08-2026

प्रतिलिपिः—मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना/मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/समस्तीपुर/कटिहार/वीरपुर/संबंधित क्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता/संबंधित क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/08/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख (बाढ़)

ज्ञापांक—बाढ़(मो०)सिं०—40/96 (अंश—XXIII) 3281 /पटना, दिनांक— 18-08-2026

प्रतिलिपिः—कार्यपालक अभियंता, आई.टी., जल संसाधन विभाग को बैठक की कार्यवाही विभागीय बेवसाईट में अपलोड किये जाने हेतु निदेशित।

18/08/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख (बाढ़)